हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

09 प्रा.शा. खरतुली के अधिकांश बच्चों को 20 तो एक को 28 तक पहाड़ा ...


10 गौरी-गौरा की निकाली झांकी, राउत नाचा में जमकर ...







## खबर संक्षेप

### जीजामगांव में लक्ष्मी पूजा 1 नवंबर को



**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में 1 नवंबर को लक्ष्मी पूजा, 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा, 3 नवंबर को भाई दूज तथा मातर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### सेमरा में सुनील तिवारी नाइट 3 को



**भखारा।** ग्राम सेमरा नरोत्तम में इस वर्ष भी 3 नवंबर को मातर महोत्सव मनाया जाएगा। रात्रि में सुनील तिवारी नाइट का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू धमतरी विधायक, तारिणी चंद्राकर, नीलम चंद्राकर एवं भरत नाहर होंगे।

### हल्की बारिश की संभावना बिजली गिरने की चेतावनी



**धमतरी।** रविवार को दाना तूफान का प्रभाव अंचल में देखने को मिला। दिनभर आसमान पर आंशिक बादल छाए रहे। सोमवार को गरज -चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। व्रजपात होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तटीय उड़ीसा पर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्रतल से 5.8 किमी ऊपर स्थित है। यह दक्षिण पश्चिम की ओर झुका हुआ है। दाना चक्रवात का प्रभाव प्रदेश में दिख रहा है। सोमवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। वहीं गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

तकनीकी समस्याओं के चलते पोर्टल में कोर्स अपडेट नहीं हो पा रहा था

# पोर्टल हुआ अपडेट, अब शुरू होगा कौशल विकास प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण पर लगा ब्रेक हट गया है। सिद्ध पोर्टल को अपडेट कर लिया गया है, जिसके बाद अब सभी विकासखंड में प्रशिक्षण के लिए बैच शुरू करने की तैयारी चल रही है। लाइवलीहुड कॉलेज में बैच तो तैयार भी हो चुका है, जल्द ही प्रशिक्षण भी शुरू कर दिया जाएगा।



युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं पर तकनीकी दिक्कतों के चलते कई बार प्रशिक्षण बंद हो जाता है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत भी ऐसा ही हुआ। लंबे अंतराल के बाद इस प्रशिक्षण को शुरू किया गया था, लेकिन बीच में ही तकनीकी समस्या आ गई। जानकारी के अनुसार सिद्ध पोर्टल में मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण के सभी कोर्स अपलोड किए जा रहे थे। तकनीकी समस्याओं के चलते पोर्टल में कोर्स अपडेट नहीं हो पा रहा था। अब जाकर पोर्टल में आ रही समस्याओं को हटाया गया। कोर्स भी अपडेट हो चुके हैं। अब प्रशिक्षण के लिए बैच तैयार किए जा रहे हैं। लाइवलीहुड कॉलेज में सिलाई और कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए बैच भी तैयार किया जा चुका है। दिवाली त्योहार के बाद प्रशिक्षण शुरू कर दिया जाएगा।

### चल रहे ये कोर्स

प्रधानमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत सिक्युरिटी सुपरवाइजर, इलेक्ट्रिशियन, रिटेल और कम्प्यूटर हार्डवेयर का प्रशिक्षण चल रहा है। इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा योजना के तहत कामगारों को 5 दिन का प्रशिक्षण देकर उनके हुनर को तराशा जाता है। यह प्रशिक्षण भी चल रहा है। आजीविका संवर्धन के तहत 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह योजना भी चल रही है। युवा सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण को पसंद करते हैं। वह भी जल्द शुरू हो जाएगा।

बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर जताया आक्रोश

# कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री गृहमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने राजीव भवन के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन कर उनसे इस्तीफा मांगा। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि राज्य में प्रतिदिन हो रही घटना यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि राज्य की कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। अपराधिक घटनाएं रोक पाना राज्य सरकार के लिए मुश्किल है। सरकार को सामूहिक इस्तीफा दे देना चाहिए। इस सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए।



विधायक ओंकार साहू ने कहा कि सरकार की अकर्मण्यता के कारण बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। जनता को अब सरकार पर भरोसा नहीं है। दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई के कारण जनता सड़क पर उतरकर विद्रोह कर रही है। सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार कांड हुआ। महापौर विजय देवांगन ने कहा कि कवर्धा में जनता ने न्याय की उम्मीद छोड़ दी। सीतापुर में पुलिस की लापरवाही के खिलाफ जनता ने उग्र होकर चक्काजाम किया। यह सभी घटनाएं अराजकता सिद्ध करती हैं। मोहन लालवानी ने कहा कि छग सरकार पटरी से उतर गई है। राज्य की कानून व्यवस्था बिगड़ गई है।

मौके पर अरविंद दोशी, राजेश ठाकुर, दीपक सोनकर, अजय वर्मा, विक्रांत शर्मा, विक्रांत पवार, साहिल अहमद, गुडडा दीवान, आशुतोष खरे, तोगू गुरुपंच, संजू साहू, सूरज पासवान, गीतराम सिन्हा, जितेंद्र, मिथिलेश साहू, विशु देवांगन, पिंटू यादव, खिलेंद्र साहू मौजूद थे।

# भीषण सड़क दुर्घटना में तीन घायल, कार के परखच्चे उड़े

- महिंद्रा कार सब्जी ठेले को टक्कर मारते हुए किनारे खड़े हाइवा से जा भिड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दो को गाड़ी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है, जबकि तीसरा कार में फंसा हुआ था। देर रात तक उसे निकालने का प्रयास जारी था।

घटना कुकरेल के पास की है। कुकरेल बस्ती के पास महिंद्रा टीयूवी कार ने सब्जी के ठेले को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क किनारे खड़े हाइवा से जा भिड़ी। कार में तीन लोग सवार थे, जो बुरी तरह से घायल हो गए। दो लोगों को कार से निकाल लिया गया है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक एक व्यक्ति कार में ही फंसा हुआ था। पुलिस और स्थानीय लोग उसे निकालने में जुटे थे।



# आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली बच्ची की कुएं में डूबने से मौत

- मगरलोड ब्लॉक के ग्राम तेंदूभाठा का मामला
- ग्रामीणों ने की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम तेंदूभाठा की आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली मासूम की मौत कुएं में डूबने से हो गई। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम तेंदूभाठा निवासी एवं विद्युत विभाग मगरलोड में कार्यरत वाहन चालक आसदेव ध्रुव अपनी 3 वर्षीय पुत्री सेजल को 23 अक्टूबर को आंगनबाड़ी में पढ़ने के लिए 10 बजे छोड़कर अपनी ड्यूटी चला गया। दोपहर 2 बजे गांव की मितानिन ने फोन कर घर जल्दी आने को कहा। गांव में आने पर झुरमुट झाड़ी के पास ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। पता चला कि उनकी पुत्री सेजल की कुएं में डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्ची का पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया।ग्राम तेंदूभाठा में शासकीय प्राथमिक शाला से लगा हुआ आंगनबाड़ी भवन है। मृतिका के घर से महज 400 मीटर समीप सीसी सड़क से आंगनबाड़ी पहुंच मार्ग है। सीसी सड़क से 50 फीट आउटर झाड़ीनुमा स्थान पर जमीन लेवल पर काफी पुराना कुआं है, जहां बच्ची खेलने के लिए भी नहीं जा सकता है। इस घटना के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को जिम्मेदार माना जा रहा है। ग्रामीणों ने संयुक्त बैठक कर सर्वसम्मति से लिखित आवेदन कर कार्यकर्ता व सहायिका को पद से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक कार्यकर्ता, सहायिका को पद से नहीं हटाया जाता तब तक गांव का कोई भी पालक अपनी बच्ची को आंगनबाड़ी नहीं भेजेगा। आंगनबाड़ी स्कूल में ताला जड़ने एकमत हैं। घटना को 5 दिन बीत चुके हैं। शासन प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करने से ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस ने शोकाकुल से लिखित बयान नहीं ले पाई है।

### महिला बाल विकास विभाग की टीम पहुंची

आंगनबाड़ी संचालन के समय बच्ची की कुएं में डूबने से हुई मौत की जानकारी होने पर महिला बाल विकास विभाग की टीम ने 26 अक्टूबर को गांव में जाकर स्थल रिपोर्ट तैयार की। घटना की रिपोर्ट के लिए दो सुपरवाइजर विभागीय कर्मचारियों के साथ गांव पहुंचे थे। इस दौरान सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित लगभग 400 ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने कार्यकर्ता व सहायिका को पद से हटाने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### यूथ हॉस्टल धमतरी इकाई का चुनाव 22 दिसंबर को

**धमतरी।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया धमतरी इकाई का अगले तीन वर्षों के लिए चुनाव 22 दिसंबर को होगा। सुरेंद्र पुरी गोस्वामी को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि इस चुनाव में एक अध्यक्ष, एक चेयरमैन, दो उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष इस तरह कुल पांच पदों के लिए चुनाव होगा। चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार 22 नवंबर तक नामांकन फॉर्म पांचूलाल जैन स्टोर्स मठमंदिर चौक धमतरी से प्राप्त कर सकते हैं। 24 नवंबर को सभी नामांकन पत्रों की जांच होगी। 1 दिसंबर की शाम 5 बजे तक नाम वापसी होगी। उसके बाद शेष उम्मीदवारों की घोषणा होगी। 22 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान साहेब रेस्टोरेंट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी धमतरी में होगा। शाम 7 बजे तक पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

# चाकू लहराते युवक को पुलिस ने धरदबोचा



**धमतरी।** सपना पिंक सिटी रामपुर वार्ड में धारदार चाकू लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध कोतवाली में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रामपुर वार्ड सपना पिंक सिटी आंगनबाड़ी के पास धारदार चाकू लहराते हुये आने- जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। इस सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम पिंटू कुमार पटेल पिता नटवरलाल पटेल उम्र 35 साल साकिन रामपुर वार्ड सपना पिंक सिटी आंगनबाड़ी के पास धमतरी का रहने वाला बताया। धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में प्रआर रवि जगने, दिलेश्वर कुजूर, आरक्षक मुकेश सिन्हा, रघुराज कर्ष, हेमंत ध्रुव का योगदान रहा।

# कलेक्टर ने बाजार पहुंच कर खरीदे मिट्टी के दीये



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी शहर में लगे त्योहारी बाजार पहुंची। उन्होंने यहां कुम्हारों द्वारा तैयार कर बिक्री कर रहे मिट्टी के दीये सहित आकर्षक मूर्तियों एवं सामग्रियों की खरीदी की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही अन्य लोगों से भी इन कुम्हारों से मिट्टी की सामग्री खरीदकर उनकी दीपावली खुशहाल करने की अपील की।

80 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया, पीडब्ल्यूडी विभाग को स्वीकृति का इंतजार

# जर्जर स्टेट हाईवे में पैचवर्क से लोगों को मिलेगी राहत

- ड्रेन टू ड्रेन सड़क चौड़ीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के स्टेट हाईवे में पैचवर्क कार्य शुरु होने से लोगों को धूल और गड्ढे से आंशिक राहत तो मिली है लेकिन स्टेट हाईवे में जब तक ड्रेन टू ड्रेन पक्की सड़क नहीं बनेगी तब तक नागरिकों को धूल से होने वाली परेशानी और बीमारी से राहत नहीं मिल सकती। फिलहाल सिहावा रोड और रत्नाबांधा रोड में 1.50 करोड़ की लागत से पैचवर्क का कार्य एक सप्ताह से जारी है।



पार्षद दीपक सोनकर ने बताया कि नहर नाका चौक के पास रोड मरम्मत के लिए गिट्टी और डस्ट बिछाई गई थी। भारी वाहनों के चलने से इस चौक में हमेशा धूल का गुबार बना रहता था। इससे चौक के आसपास के व्यापारी व रहवासियों का जीना दूभर हो गया था। विगत सप्ताह परेशान लोगों ने जनदर्शन में रोड का डामरीकरण करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। नहरनाका चौक में डामरीकरण होने से लोगों को आंशिक राहत मिली है, लेकिन धूल की समस्या अब भी बरकरार है।



रत्नाबांधा रोड में कालेज मोड़ के पास रहने वाले श्रवण मीनपाल, शंकरलाल, देवकुमार बताते हैं कि बारिश के दिनों में कालेज मोड़ के पास जलभराव की समस्या को दूर करने गिट्टी डस्ट की लेयर बिछाई थी। इससे जलभराव की समस्या तो दूर हुई लेकिन धूल से लोग हलाकान हो गए थे। आसपास रहने वाले तथा दुकान चलाने वालों को स्वास्थ्यगत समस्याओं से जूझना पड़ा। उनका कहना है कि पैचवर्क होने से राहत मिली है लेकिन रोड के आजू बाजू सोल्डर का बुरा हाल है। कुछ लोग सोल्डर में ईंट पत्थर बिछा दिए हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि जब तक सड़क के दोनों ओर नाली तक पक्की सड़क नहीं बनेगी तब तक समस्या का निराकरण नहीं होगा।

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ मनीष साहू ने बताया कि रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक तथा सिहावा चौक से नहरनाका चौक तक सड़क में गड्ढा भरने तथा पैचवर्क का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए 1.50 करोड़ का बजट है। उन्होंने बताया कि स्टेट हाईवे में ड्रेन टू ड्रेन सड़क चौड़ीकरण के लिए 80 करोड़ का स्टीमेट शासन को भेजा गया है। रत्नाबांधा चौक से मुजगहन के लिए 42 करोड़ तथा सिहावा चौक से नहरनाका चौक तक के लिए 38 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। शासन से स्वीकृति का इंतजार है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### हिंदू जागरण मंच की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**धमतरी।** हिंदू जागरण मंच ने अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। प्रांत संयोजक अवधेश दुबे, प्रांत संगठन राजेश भार्गव के निर्देशन तथा वरिष्ठ समाजसेवी मोहन लाल साहू, आलोक महावर प्रांत संपर्क प्रमुख आयाम, जिला पर्यावरण संयोजक भेदू साहू की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन दायित्व प्रदान किया गया। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक प्रतीक सोनी, पुरुषोत्तम निषाद एवं जिला कार्यकारिणी एलके साहू, कुमार सिन्हा, आशीष शर्मा, भोला साहू, श्रीमती चंद्रकला साहू महिला आयाम, सुनील सोलंके, सौरभ मिश्रा, गजानंद मीनपाल को नवीन दायित्व दिया गया।

## निधन

### गिरधारी लाल निषाद



**नगरी।** ग्राम हरदीभाठा निवासी गिरधारी लाल निषाद 75 वर्ष का स्वर्गवास 26 अक्टूबर शनिवार को हो गया। वे मुकेश निषाद, दीपक निषाद के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजन, ग्रामीण एवं क्षेत्र के सामाजिकजन शामिल हुए।

### कल्याण सिंह साहू



**सिर्री।** ग्राम बागतराई निवासी व ग्रामीण साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष कल्याण सिंह साहू 71 वर्ष का 26 अक्टूबर शनिवार को निधन हो गया। वे बेदबाई साहू के पति और ओमप्रकाश, पदम साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने धनीराम, मनीष, अर्जुन सोनवानी, घनश्याम सोनवानी, मोरेन्द्र सहित अन्य समाजजन एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

**न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा, जिला धमतरी छ.ग.**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक 19/तह./वा.-2/2024
भखारा, दिनांक 23.10.2024
विषय :- पक्षकार किसुन राम पिता स्व. पुनीत राम जाति तेली निवासी ग्राम पचपेड़ी की दावा आपत्ति बाबत।
:::00:::
विषयान्तर्गत लेख है कि ई कोर्ट प्र.क्रं. 202410132000017/ब-121/वर्ष 2024 आवेदक किसुन राम पिता पुनीत राम जाति तेली निवासी ग्राम पचपेड़ी तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता स्व. पुनीत राम के मृत्यु दिनांक 23/10/1998 होने से विलंबित घटना का मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, ग्रामवासी, पटवारी पंचनामा एवं जिला कार्यालय से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र पेश किया है। आवेदक को आवश्यक शासकीय कार्य हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने से मृत्यु के विलंभित घटना का रजिस्ट्रीकरण कराने जन्म-मृत्यु पंजीयन ग्राम पचपेड़ी को प्रमाण पत्र जारी करने आदेशित किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।
उक्त आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 13/11/2024 के पूर्व दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत समय अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/10/2024 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार
भखारा

कांग्रेसियों ने राजीव भवन भखारा में ली प्रेसवार्ता

# कुरुद विधायक को घेरा, लगाया भेदभाव करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने 23 अक्टूबर को नगर पंचायत कुरुद के खिलाफ मौन धरना को स्थगित कर प्रेसवार्ता ली थी। इसे लेकर भखारा के कांग्रेसियों ने राजीव भवन भखारा में प्रेसवार्ता लेकर क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर को नगर पंचायत भखारा के विभिन्न मुददों को लेकर जमकर घेरा। कांग्रेसियों ने विधायक अजय चंद्राकर पर भेदभाव करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष भरत नाहर ने कहा कि कुरूद विधानसभा में दो नगर पंचायत कुरुद और भखारा है। विधायक ने पत्रकार वार्ता में भखारा नगर पंचायत के बारे में में एक शब्द भी नहीं कहा। यह दुख का विषय है। भखारा के नागरिकों ने भी उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुना है। नगर पंचायत भखारा में सिर्फ पैसे की बंदरबांट और भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। कुरुद विधायक को नगर पंचायत भखारा के मुद्दे पर बोलना चाहिए। वर्ष 2012-13 के बजट में स्वीकृत भखारा बाईपास अभी तक क्यों नहीं बना। भखारा में आये दिन दुर्घटना से लोगों की मौते हो रही है। इस कार्य को पूर्ण करने में विकास पुरुष कहलाने वाले विधायक रुचि क्यों नहीं दिखाते। पिछली गर्मी में नगरवासियों को करीब डेढ़ माह तक पानी के लिए भटकना पड़ा। नल



जल योजना बंद रही। नगर के तीन तालाब को गहरीकरण के नाम पर मुरूम उत्खनन के लिए खाली कराया गया और भरी बरसात में डुमराही तालाब के साथ ही दो और तालाब को खाली कर दिया गया। इस पर भी विधायक एक शब्द तक नहीं बोलते। भू-अभिलेख शाखा द्वारा 10 फरवरी 2023 के अनुसार खसरा नंबर 675/2,1603 में हेर-फेर कर जमीन बिक्री के खिलाफ आदेश कर पंजीकृत बैनामा निरस्त करने हेतु व्यवहार न्यायालय में वाद दायर करने नगर पंचायत को आदेशित किया गया था लेकिन नगर पंचायत द्वारा मिलीभगत कर इस मामले को दबाने का प्रयास किया गया। अधोसंरचना मद से प्राइवेट कॉलेज की बाउंड्री वाल का निर्माण कराया गया जबकि अंबेडकर भवन, गांधी भवन सहित अन्य भवन व आंगनबाड़ी केंद्रों में बाउंड्रीवॉल नहीं है। आवास योजना में बंदरबांट की गई है। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि स्वयं आवास का ठेका ले रहे हैं और इस आवास निर्माण की राशि का पहले आहरण कर लेते हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कारोबार फल फूल रहा है। अवैध प्लांट में पहुंच मार्ग के लिए शासकीय भूमि को दिया गया। आत्मानंद स्कूल के पास सौंदर्यीकरण के लिए 35 लाख की राशि स्वीकृत हुई। आज 2 साल पूरे नहीं हुए और पूरा सौदर्यीकरण उद्घाटन से पहले ही टूट गया। व्यावसायिक परिसर की दुकानों को सांठगांठ कर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि अपने पुत्र, रिश्तेदार के नाम खरीदकर बाद में ऊंचे दाम पर बेचते हैं। कुछ जनप्रतिनिधि शासकीय भूमि पर कब्जा कर परिसर बनाए हैं कुछ शासकीय भूमि की खरीदी बिक्री में सक्रिय हैं। एक परिसर डुमराही तालाब के सामने घास जमीन में बनाया गया है। कुछ जनप्रतिनिधियों ने भवन अनुज्ञा के बगैर ही मकान निर्माण कराया है और आम जनता को भवन अनुज्ञा का नोटिस भेजकर परेशान कर वसूली की जा रही है। कांग्रेसियों ने मंगलवार को सीएमओ से मिलकर आवेदन देने की बात कही।

प्रेसवार्ता में किशन निर्मलकर अध्यक्ष शहर कांग्रेस अध्यक्ष भखारा, विनोद साहू सचिव जिला कांग्रेस, संतोषी निषाद महामंत्री जिला कांग्रेस धमतरी, अविनाश सिंह गौर महामंत्री, प्रेमा बाई साहू, सुनील साहू, अजय जैन, दिनेश यादव, प्रवीण सिंह गौर, योगेंद्र निषाद, बलीराम कोसरिया, आदित्य जूदेव उपस्थित थे।



# नन्ही बालिकाओं के सुआ नृत्य ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

छत्तीसगढ़ की परम्परा, रीति रिवाज को नन्हीं बालिकाएं आगे बढ़ा रही हैं। नगर पंचायत भखारा इंदिरा मार्केट में सुआ नृत्य कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। ज्ञात हो कि दीपावली पर सुआ गीत छत्तीसगढ़ राज्य के गोंड स्त्रियों का नृत्य गीत है। यह दीपावली पर्व पर महिलाओं द्वारा गाया जाने वाला गीत है। सुआ का अर्थ होता है तोता। सुआ एक पक्षी होता है जो रटी-रटायी बातों को बोलता है। इस लोकगीत में स्त्रियां तोते के माध्यम से संदेश देते हुए गीत गाती हैं। इस गीत के जरिए स्त्रियां अपने मन की बात बताती हैं। धान की कटाई के समय इस लोकगीत को बड़ी उत्साह के साथ गाया जाता है। इसमें शिव-पार्वती (गौरा-गौरी) का विवाह मनाया जाता है। मिट्टी के गौरा-गौरी बनाकर उसके चारों ओर घूमकर सुआ गीत गाकर सुआ नृत्य करते हैं। यह दिवाली के कुछ दिन पूर्व आरम्भ होकर दिवाली के दिन शिव-पार्वती (गौरा-गौरी) के विवाह के साथ समाप्त होता है।

# गुलदस्ता बनाओ प्रतियोगिता में पायल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ पीएम श्री सेजेस बठेना में हुए कई आयोजन

पीएम श्री सेजेस बठेना विद्यालय में विविध गतिविधियां आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम नवमी अ के विद्यार्थी भूमिजा, डिम्पी, कोमल, गोवर्निका, द्वितीय हिमांशी गरिमाव तृतीय गायत्री, कृतिका रही। कक्षा नवमी ब में प्रथम राधिका, पायल, श्रेया, द्वितीय शिवम, पंकज, शौर्य व तृतीय स्थान प्रियंका गुप्ता ने प्राप्त किया। दीया बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम राधिका शर्मा व द्वितीय डिम्पी





साहू व तृतीय सत्यम साहू रहे। गुलदस्ता बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम पायल सिन्हा, द्वितीय शिवानी चन्द्राकार रहे। मौके पर प्राचार्य एन पाण्डेय, शिक्षक स्टाफ सहित सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

# कक्षा सजाओ स्पर्धा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि अंवरी के छात्र-छात्राओं ने दिवाली छुट्टी में जाने से पहले अपने-अपने कक्षाओं की सजावट की। ड्राइंग, पेंटिंग व रंगोली बनाई गई। दीप प्रज्वलित कर रोशनी से क्लास को जगमगाया गया। देवी लक्ष्मी, गणेश, शिव पार्वती, मर्यादा पुरूषोत्तम राम की कलाकृति बनाई गई थी। प्राचार्य ने कहा कि छात्रों के समूह में कार्य करने व एकता के गुण में बांधे रखने कौशल विकास के लिए यह बेहतर प्रयास था। ड्राइंग, पेंटिंग व



रंगोली में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने वालों को दिवाली छुट्टी के बाद स्कूल लगने पर सम्मानित किया जायेगा। ज्ञात हो कि यहां पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधि जैसे पीटी, नशामुक्ति अभियान, संस्कार, योगा, क्विज प्रतियोगिता समय-समय पर आयोजित की जाती है।






## मिट्टी के दीये खरीद कुम्हारों के चेहरे पर लाएं मुस्कान : गौकरण



**सिर्री।** दीपावली पर्व को महज 4 दिन शेष है। छत्तीसगढ़ में कुंभकारों द्वारा मिट्टी से दीये सहित अन्य उपयोगी सामग्रियां बनाई जाती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कुम्हारों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के उद्देश्य से दीपावली त्योहार पर मिट्टी से बने दीये, माता लक्ष्मी, गणेश, कुबेर और ग्वालिन की प्रतिमा, कलश, कलोरी आदि स्वदेशी सामग्री की खरीदारी कर उसके चेहरे पर मुस्कान लाने का क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है। ताकि वे भी दिवाली खुशहाली से मना सके। स्थानीय कुम्हार आज अपना मूल व्यवसाय को छोड़ने की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। ऐसे में उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने मूल व्यवसाय की ओर वापस लाने और प्रतिभा को निखारने की जरूरत है।

# बाउंड्रीवाल की बढ़ेगी ऊंचाई, पुराना जर्जर भवन को करेंगे डिस्मेंटल

■ जीवन दीप समिति आमदी की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी में जीवन दीप समिति की साधारण एवं कार्यकारिणी सभा नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष हेमन्त माला, उपाध्यक्ष तेजराम साहू, वार्ड पार्षद श्रीमती अनीता ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एजे खान, जीवन दीप समिति के सदस्यों की मौजूदगी में हुई।

बैठक में संस्था प्रभारी केके साहू ने एजेंडा के अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के लिए प्रस्ताव



रखा। इनमें स्लाइडर गेट निर्माण, बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने, पुराने जर्जर भवन का डिस्मेंटल, गाड़ी पार्किंग हेतु शेड निर्माण जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने नगर पंचायत से त्वरित कार्रवाई के लिए स्वीकृति प्रदान की। बैठक के बाद स्टाफ की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें सभी को कर्तव्यनिष्ठा के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

संस्था प्रभारी ने एनक्यूएसए की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। अध्यक्ष एवं जीवन दीप समिति के सदस्यों ने अस्पताल का अवलोकन किया और व्यवस्था तथा साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त किया। भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# पीटीएम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

■ पालक और शिक्षक मिलकर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकते हैं : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय हाई स्कूल बोड़रा में शुक्रवार को पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय में होने वाले विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा कर शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर पालकों को विद्यालय से जोड़कर रखने के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा की गई।



प्राचार्य श्यामसुंदर साहू ने कहा कि पालक और शिक्षक मिलकर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। पालक अपने बच्चों को कम से कम एक घंटा प्रतिदिन समय दें। उन्होंने कहा कि घर में बच्चों का पढ़ने का एक निश्चित स्थान होना चाहिए। निश्चित स्थान पर नियमित पढ़ने से ध्यान भटकने की संभावना कम होती है। बच्चे समय सारिणी बनाकर अध्ययन करें और इस समय सारिणी का मजबूती से पालन करें। पालक अपने बच्चों से प्रतिदिन पूछे कि आज विद्यालय में क्या-क्या सीखे। घर में भी पढ़ाई का एक अच्छा माहौल बनाएं। संस्था के व्याख्याता केके साहू ने भी विद्यालय में पालकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। तिमाही परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के व्याख्याता टीके साहू तथा आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य एचके बंसोर ने किया। मौके पर उपसरपंच कृपाराम साहू, एसएमडीसी सदस्य टेपराम साहू, पालक संतोष साहू, व्याख्याता डीके साहू, केएल साहू, सेवक प्रेमनारायण समेत अभिभावक व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# हेलमेट लगाये वाहन चालकों को दिया गुलाब फूल

■ रासेयो स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि कोसमर्रा में प्राचार्य चैतराम साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल साहू के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रासेयो के स्वयंसेवकों ने ग्राम कोसमर्रा, देवरी चौक पर दोपहिया, फोरव्हीलर, टैक्सी एवं टैक्टर के चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, रात में डीपर लाइट का उपयोग करने, विद्यालय के पास




वाहन धीरे चलाने, जेब्रा क्रासिंग पार करते समय यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। हेलमेट लगाये वाहन चालकों को स्वयंसेवकों ने गुलाब फूल देकर सम्मानित किया। वही दीपावली के पूर्व स्वच्छता ही सेवा है थीम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कोसमर्रा बाजार में स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई अभियान चलाकर सब्जी विक्रेताओं एवं क्रेताओं को पालीथिन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। प्राचार्य कक्ष, कार्यालय स्टाफ एवं कक्षाओं की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर सुधीर कुमार, शैलेंद्र कुमार, तन्मय, गीतांजलि, तारिणी, सेजल, जागृति, हिना, झामेश्वरी, समीक्षा, लक्ष्मी, ओजस्वी, सोमीन, टमेश्वरी, भूमिका, चुनिका, गुंजा समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता प्रदान की।

## 14 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# किसान संघ ने गौ वंदन योजना लागू करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)

भारतीय किसान संघ के आह्वान पर किसान संघ इकाई गुरूर ने अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार गुरूर को सौंपा।

किसानों ने तहसीलदार हनुमंत श्याम को सौंपे 14 सूत्रीय ज्ञापन में गौ वंदन योजना लागू करने, गौपालकों को 1000 रूपये प्रति माह अनुदान देने, धान पर प्रतिवर्ष 31 सौ रूपये की राशि में केन्द्र द्वारा समर्थन मूल्य में बढ़ाई गई राशि को जोड़कर देने, दलहन तिलहन का



रकबा बढ़ाने हेतु फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने हेतु धान के अतिरिक्त अन्य फसल पर प्रति एकड़ 20 हजार रूपये की आदान सहायता राशि, रूकी हुई सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने, राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अकंश लगाने, प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त पैरी उच्च बांध बारूका बांध परियोजना का क्रियान्वयन करने की मांग की।

किसान संघ के तहसील उपाध्यक्ष जीवन लाल साहू ने बताया कि भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान संघ के हित को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं। समय-समय पर किसानों के मुद्दों को लेकर आंदोलन करते रहते है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से खुमान सिंह अठभैया, रामकिशन साहू, जीवनलाल साहू सहित गुरूर विकास खंड के किसान मौजूद थे।

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

बीईओ ने खरतुली में चल पढ़बो एक संग नवाचार शिक्षा का रात 8 बजे किया अवलोकन

# प्रा.शा. खरतुली के अधिकांश बच्चों को 20 तो एक को 28 तक पहाड़ा कंठस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





विकासखंड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी ने प्राथमिक शाला खरतुली के बच्चों द्वारा संचालित चल पढ़बो एक संग अभिनव नवाचार सांध्यकालीन प्रातःकालीन अध्ययन केंद्रों का घर-घर जाकर अवलोकन किया। प्राथमिक शाला के नवाचारी प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा ने बताया कि ग्राम में एक विशेष अभियान चल पढ़बो एक संग के तहत सांध्यकालीन प्रातःकालीन समूह अध्ययन केन्द्र स्थापित किया गया है। यहां प्राथमिक शाला के बच्चे स्वस्फूर्त नियमित रूप से समूह बनाकर घर में अध्ययन करते हैं।

रात्रि 8 बजे अवलोकन के दौरान बच्चे समूह में अध्ययन करते पाए गए। इस दौरान बच्चों ने विकासखंड शिक्षाधिकारी को अपना परिचय चार भाषाओं (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, छत्तीसगढ़ी) में दिया। अधिकारी गदगद हो गए। प्राथमिक शाला के अधिकतर बच्चों को 20 तक पहाड़ा कंठस्थ हैं। एक बालक को 28 तक पहाड़ा याद है। बच्चे गीत, कविता, सामान्य ज्ञान संबंधित प्रश्नों के जवाब बेझिझक दिए। अवलोकन के दौरान रोमांचित करने वाली बात यह रही कि प्रत्येक पालक दीनबंधु सिन्हा के प्रयास की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। महज साल भर में पालकों का श्री सिन्हा के प्रति विशेष लगाव हो गया।

पालकों ने बताया कि ग्राम के सभी बच्चे बिना बोले रोज सुबह शाम नियमित रूप से अध्ययन करने बैठते हैं। पहले जो बच्चे 5 मिनट भी पढ़ने नहीं बैठते थे, वे भी अब घर में घंटों तक स्व अध्ययन करते हैं। बच्चे घर के सभी बड़े बुजुर्गों का प्रतिदिन चरण छूकर विद्यालय हेतु प्रस्थान करते हैं। ग्राम की कामकाजी महिलाएं भी बच्चों की पढ़ाई हेतु अपना सहयोग प्रदान करती हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के पढ़ाई के प्रति लगन एवं उनके परफॉर्मेंस को देखकर बच्चों को मुंह मीठा कराने 1000 रूपये प्रदान किया। मौके पर सरपंच दिनेश सिन्हा, उपसरपंच सुरेश सिन्हा, शिक्षक अनिल साहू उपस्थित थे।

# दीपावली से पहले हरी सब्जियों के दाम गिरे

- इतवारी बाजार अपडेट: टमाटर, केला, पत्तागोभी, डोड़का, भटा, कुंदरू 40 रुपए किलो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लोकल आवक बढ़ने के साथ दीपावली त्योहार से पहले हरी सब्जियों के दाम में गिरावट आई है। रेट कम होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। सब्जी व्यवसायी जगदीश निषाद ने बताया कि सब्जी इस सप्ताह कम रेट में बिक रही है। 80-100 का टमाटर अब 40-50 में बिक रहा है। 300-400 रुपए किलो बिकने वाला धनिया 150-200 रुपए किलो हो गया है। दीपावली के मौके पर थोक मंडी में लोकल आवक बढ़ गई है। बाजार में सब्जियों की बंपर आवक से रेट कुछ कम हुए हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ रही। लोग दीपावली की खरीदारी करने बाजार पहुंचे थे। सब्जियों के रेट सामान्य होने से जमकर खरीदी की। सब्जी विक्रेता सोमन सोनकर ने बताया कि रविवार को लौकी 20 रुपए, परवल 30, भटा, गाजर, कुंदरू, कुम्हड़ा, टमाटर, केला, पत्तागोभी, डोड़का 40 रुपए किलो रहा। करेला, बरबट्टी, भिंडी, तोराई, कोचई 50 रुपए किलो बिका। ग्वारफली 60 तो गोभी, मिर्च, ढेंस, शिमलामिर्च, सेमी, नवलगोल 80 रुपए रहा। मुनगा, अदरक 100 में बिका।

### ▶ किराना सामान के रेट नहीं बढ़े

त्योहारी सीजन के बाद भी पिछले तीन सप्ताह से किराना सामान के दाम स्थिर है। कुछ एक सामान को छोड़कर लगभग सभी सामान पूर्ववत दाम में बिक रहा है। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को आलू 40, प्याज 60, शक्कर 42, गुड़ 50, हल्दी 150-200, मिर्च 220-300, धनिया 100, जीरा 300, काली मिर्च 780, लहसुन 300, तेल 135, सरसो 70, मेथी 80, राहरदाल 120-160, मूंगदाल 110, उड़ददाल 120, मसूर दाल 85, चना देशी 90, काबुली 120-150, मटर सफेद 60, मटर हरा 110, चना दाल 100 रुपए किलो बिकी। अंडा इस सप्ताह 75 रुपए दर्जन रहा।

### ▶ थोक सब्जी मंडी चार दिन बंद रहेगी

थोक सब्जी मंडी विक्रेता संघ के अध्यक्ष अशोक पटेल ने बताया कि दीपावली पर मंडी 1 से 4 नवंबर तक बंद रहेगी। 5 नवंबर से सुबह मंडी में सब्जियों की बोली लगेगी। थोक सब्जी मंडी के बंद रहने से सब्जियों के भाव बढ़ सकते हैं। लोकल कृषक अपनी उपज बाजार में बेच सकते हैं।

# बालगृह के बच्चे डोंगरगढ़ एवं पाताल भैरवी दर्शन के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बालगृह आयोजन प्रतिज्ञा विकास संस्थान द्वारा कर्मचारियों एवं बालगिरी के बालकों को डोंगरगढ़ एवं पाताल भैरवी के दर्शन के लिए रवाना किया गया। दल में संस्था प्रमुख विजय मिश्रा एवं संस्था के 15 कर्मचारी एवं अधीक्षक ललित चंद्राकर मौजूद हैं। धमतरी जिले में यह सेंटर धमतरी और कांकेर जिले को मिलाकर बनाया गया है। क्षमता 50 बच्चों की है। इस केंद्र में ऐसे बच्चों को रखा जाता है जिनके माता या पिता दो में से कोई एक किसी दुर्घटना का शिकार हुए हैं। बच्चों की उम्र 6 से 18 साल रहती है। ऐसे बच्चों को शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाया जाता है। जिले के समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ उच्च अधिकारी समय-समय पर इस केंद्र को विकसित कर मार्गदर्शन देते रहते हैं।

बालगृह के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ योग, शिक्षा, संगीत शिक्षा एवं ट्यूशन की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। संगीत शिक्षक के रूप में लोकेश सिंह ठाकुर अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इससे बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में बेहतर प्रगति हो रही है। बच्चों की शिक्षा का स्तर भी सुधरा है। बालगृह के बच्चे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हटकेशर में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# उत्साही युवा मंच ने की सेंचुरी पार्क की सफाई




**धमतरी।** उत्साही युवा मंच ने सेंचुरी गार्डन में सफाई अभियान चलाया। सदस्यों ने तय किया है कि शहर के सभी गार्डन की प्रत्येक रविवार को चरणबद्ध तरीके से सफाई की जायेगी। आज से गार्डन के प्रवेश द्वार के आसपास रंगरोगन करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में 27 अक्टूबर को सेंचुरी गार्डन के प्रवेश स्थल , योग पॉइंट तथा पाथवे के हिस्से से सूखा कचरा उठाने का कार्य किया गया। मौके पर उत्साही युवा मंच के सक्रिय विराज, प्रियांशी, भूपेन्द्र, किरण, खिलेन्द्र, मुंशी, राहुल, त्रिलोक, कुशाल, वैभव, गौतम, आकाश गिरि, वैभव रणसिंह, जान्हवी और नरेन्द्र शामिल रहे।

# कलार समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ




**धमतरी।** कलार समाज भवन धमतरी में जिलास्तरीय कलार समाज के निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू व संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा थी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि माता बहादुर कलारिन और सहस्त्रबाहु अर्जुन का इतिहास गौरवशाली है। बालोद जिले में मां बहादुर कलारिन को एक देवी की तरह पूजा जाता है। वह नारी उत्थान के लिए काम करने वाली महिला थीं। उन्होंने नारियों के सम्मान के लिए अपने बेटे को भी नहीं छोड़ा और उसे मौत के घाट उतार दिया। उनका बेटा मातृ प्रेम की एक मिसाल था। उसने अपनी मां के सम्मान के लिए बहुत कुछ किया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि सिन्हा समाज को नशा मुक्ति और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा तभी समाज का चहुंमुखी विकास संभव है। विधायकों ने कलार समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मौके पर युवराज सिन्हा प्रांतीय अध्यक्ष कलार समाज, बिसंभर सिन्हा, श्रीमती संजू कामता सिन्हा, सेवाराम सिन्हा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कलार समाज, रामसेवक सिन्हा, राजेंद्र कुमार सिंह, हरिराम सिन्हा, शशिकांत सिन्हा, कालीदास सिन्हा, पंकज सिन्हा, प्रेम मगेंद्र, तामेश्वर दास सिन्हा, संतोष सिन्हा, हरेश्वर सिन्हा, पन्नालाल सिन्हा, नरेश सिन्हा, हुमेंद्र, देवकरण गजेंद्र, कामता सिन्हा, चोवाराम सिन्हा, डॉ. डीआर, परमेश्वरी सिन्हा समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# अछोटा पुल में लगा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केशकाल घाटी में सड़क की मरम्मत चल रही है, जिसके चलते नगरी रोड में दबाव बढ़ गया है। विभाग को स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू किया गया है। अछोटा पुल का डामरीकरण शुरू कर दिया गया है। दिवाली की वजह से आवाजाही बढ़ने से पुल पर जाम लगने लगा है।

अछोटा पुल की हालत काफी खराब हो गई है। जगह -जगह गड्ढे हो गए हैं। दिवाली से पहले पुल के पुराने डामर को उखाड़कर नए सिरे से डामर बिछाने का काम शुरू किया गया है। अछोटा पुल के दोनों छोर में वाहनों की लंबी कतार लग रही है। इस मार्ग से आवाजाही करने वालों को परेशानियों सामना करना पड़ रहा है।

### इसलिए आ रही समस्या

सिहावा रोड से नगरी, बोराई होते हुए कोंडागांव तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। उधर केशकाल घाटी में निर्माण कार्य के चलते कई वाहन चालक इसी मार्ग का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे इस मार्ग पर ट्रैफिक बढ़ गया है। इसमें भारी भरकम वाहन भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दीपावली त्योहार की खरीदी के लिए गांव-गांव से लोग शहर आ रहे हैं। इन दोनों कारणों से इस मार्ग पर ट्रैफिक कई गुना बढ़ गया है।

जाम से लोग नाराज हैं। पहले ही वे शहर के भीतर लगने वाले जाम से नाखुश हैं। अब मुख्य मार्ग पर जाम से उनकी नाराजगी और बढ़ गई है। जाम केवल अछोटा पुल में नहीं है बल्कि इसका असर कोलियारी, अछोटा, दानीटोला, जालमपुर, शांति कालोनी चौक से लेकर सिहावा चौक तक नजर आ रहा है।

# थोक पटाखा दुकानों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रविवार को तहसीलदार और पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के बीच थोक पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। करीब घंटेभर की जांच के बाद पंचनामा की कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि शहर के बीच में थोक पटाखा की कई दुकान और गोदाम है। लोगों का कहना है कि मिशन मैदान में पटाखा दुकानों को लेकर सुरक्षा के सख्त नियमों का पालन कराया जाता है लेकिन शहर के बीच मौजूद पटाखा दुकानों में सुरक्षा नियम ताक पर है।

धमतरी तहसीलदार सूरज बंछोर तथा पुलिस टीम ने पुराना बसस्टैंड के पास झूलेलाल पटाखा और ताहिर पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। करीब घंटेभर की जांच कार्रवाई के बाद पंचनामा किया गया। तहसीलदार सूरज बंछोर ने बताया कि दो दुकानों की जांच की गई। सुरक्षा मानकों को देखा गया। स्टाक चेक किया गया।

# आस्था विद्या मंदिर में दीपावली मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



आस्था विद्या मंदिर तरसींवा में दीपावली उत्सव मनाया गया। अध्यापिका संगिपेम दुक्पा ने कहा कि पटाखा जलाने के दौरान सावधानियां बरतनी जरूरी है। साहिल गायकवाड़ ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है । प्रधानाचार्य नूरेंद्र देवांगन ने कहा कि अपने परिवार के साथ दीपावली पर्व की खुशियां बांटे। आपसी प्रेम को बढ़ावा दें जिससे हमारे नैतिक गुणों का विकास हो सके। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा सबका मन मोह लिया। गौरा गौरी झांकी, सुआ नृत्य, बारहमासी गीत नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता, कक्षा सजाओ, दीप सजाओ स्पर्धा हुई। विद्यार्थियों ने अपनी कला के रंग दिखाए।

### नर्सिंग विद्यार्थियों ने मनाई दीपावली

**धमतरी।** रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग लिमतरा के नर्सिंग विद्यार्थियों ने दीपावली अवकाश में जाने के पूर्व महाविद्यालय में दीपावली पर्व मनाया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य संजयकुमार लाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर दीपावली पर्व के सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्त्व के बारे में बताया।

### त्रैमासिक परीक्षा में लड़कियां रहीं अव्वल



**धमतरी।** बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान को अब लड़कियां फलीभूत करने में लग गई हैं। अभी सभी विदयालयों में त्रैमासिक परीक्षा संपन्न हुई जिसमें शाउमा विसलोनी से दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने बाजी मारी है। दसवीं में नम्रता, तारिणी और रागिनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं मे चित्ररेखा,कंचन और दिव्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही। जिला पीएलसी सदस्य घनश्याम सिंह साहू की ओर से प्राचार्य आरके गुप्ता ने सभी लड़कियों को पेन देकर उत्साह बढ़ाया। विदयालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए अनेक टिप्स भी दिये।







# सात पीएमश्री शालाओं के 57 छात्रों ने किया प्रदर्शन

- अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन शंकरदाह में जिला स्तरीय प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिले में संचालित 7 पीएमश्री शालाओं के छात्र-छात्राओं की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित जिलास्तरीय प्रतियोगिता अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन शंकरदाह में हुई। प्रतियोगिता में विकासखण्ड धमतरी से पीएमश्री प्राथमिक शाला गोकुलपुर, आमदी, बोदाछापर, विकासखण्ड कुरूद से कन्या कुरूद, कठौली, विकासखण्ड मगरलोड से अरौद एवं विकासखण्ड नगरी से नवागांव सांकरा के 57 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंथन मण्डल, डिजिटल क्वेस्ट, विद्या वैभव ओलम्पियाड एवं स्थानीय स्थलों की खोज करें और जाने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेन्टो, प्रशस्ति पत्र, स्कूल बैग, किट देकर पुरस्कृत किया गया। मंथन मण्डल में प्रथम जिया प्रजापति एवं साक्षी साहू पीएमश्री स्कूल कुरूद, द्वितीय चिन्मय साहू एवं कुलेश्वर यादव अरौद, तृतीय वंश सोनकर एवं झनीता यादव गोकुलपुर, डिजिटल क्वेस्ट में प्रथम गोपिका आमदी, द्वितीय ओजस्वी यादव अरौद, तृतीय कुसुम नवागांव, विद्या वैभव ओलम्पियाड में प्रथम हेतल नवागांव, द्वितीय करण यादव आमदी ,तृतीय दीक्षा अरौद एवं स्थानीय स्थलों की खोज में प्रथम लक्ष्य पटेल गोकुलपुर, द्वितीय कामहनी एवं साथी नवागांव, तृतीय दिव्या सेन एवं साथी बोदाछापर रहा। कार्यक्रम का संचालन गजानंद साहू, कुमार राहुल, राजेन्द्र प्रसाद चन्द्राकर शिक्षक ने किया।

पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि जिला मिशन समन्वयक भुवन जैन, अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के प्राचार्य गुलशन ने कहा कि शैक्षणिक जीवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी दक्षता को प्रस्तुत करते रहे। कार्यक्रम में नंदकिशोर साहू, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा धमतरी नोडल, ललित कुमार सिन्हा सहायक नोडल बीआरसीसी धमतरी, महेश्वर वर्मा प्रोग्रामर, भुवनेश्वर साहू, भीखम साहू संकुल समन्वयक, पीएमयू सदस्य बसंत इन्दौरिया, बलजीत साहू एवं श्रीमती कुन्ती पाण्डेय ने सहभागिता निभाई।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

छग की संस्कृति और परंपरा को बचाए रखने स्कूलों में हुआ आयोजन

# गौरी-गौरा की निकाली झांकी, राउत नाचा में जमकर थिरके छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को बचाए रखने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न स्कूलों में गौरी-गौरा, सुआ नृत्य व राउत नाचा का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राएं जमकर थिरके। कार्यक्रम में भाग लेकर स्कूली बच्चों ने पर्व को नजदीक से जाना।

शहर के **ज्ञान अमृत विद्यालय** में शनिवार को स्कूल की छुट्टी के पहले सुआ नृत्य, राउच नाचा, दीप सजाओ, रंगोली बनाओ, लेम्प बनाओ, मेहंदी सजाओ, तोरण बनाओ आदि स्पर्धा का आयोजन किया गया। गौरी-गौरा की पारंपरिक झांकी निकाली गई। राउत नाचा में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं पारंपरिक दोहे गाए। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य विनोद पांडे ने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चों ने पर्व को नजदीक से जाना। बदलते दौर में विलुप्त होते नृत्य को बचाने का यह कारगर उपाय है। पारंपरिक नृत्य से राज्य को पहचान मिलती है। भावी पीढ़ी को इस नृत्य से परिचित कराना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम पश्चात सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया।



● ज्ञान अमृत विद्यालय में गौरी-गौरा की पारंपरिक झांकी निकाली गई।



● नत्थूजी जगताप उमावि में परंपरागत सुआ नृत्य का आयोजन

दीप सजाओ में प्रथम भूमिजा पदमवार, द्वितीय मानिक पटेल, तृतीय ख्यातिरानी कौशिक, रंगोली में प्रथम डिम्पी सपहा, पूर्वा नाग, फाल्गुनी साहू, द्वितीय मीनाक्षी ढीमर, रितेश सोनवानी, निर्मल सिंदूर, तृतीय विद्या कुंभकार, लालिमा कुंभकार, हंसिका सारसार, लेम्प बनाओ में प्रथम युवराज दीवान, द्वितीय हिमेश यादव, तृतीय संजय, मेहंदी में प्रथम नूतन देवांगन, द्वितीय वंशिका यादव, तृतीय कास्मिन खातुन, तोरण सजाओ में प्रथम पूरब मरोठे, द्वितीय योगेन्द्र प्रजापति एवं घनश्याम देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह शासकीय **नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उमावि** में शनिवार को परंपरागत सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं की छात्रा लीना ने स्वरचित सुआ गीत प्रस्तुत किया। छात्रा प्रीति, यामिनी, चंचल, दीपिका, लोकेश्वरी, लक्ष्मी, प्रीति, स्वाति की अगुवाई में सभी छात्राओं ने रिकार्डिंग म्यूजिक पर सुआ नृत्य किया। मनमोहक नृत्य ने सभी को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य डॉ. श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा ने दीपोत्सव पर्व के महत्व बताते हुए कहा कि छग की समृद्धि, संस्कृति, परंपरा सदियों से चली आ रही है जिसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। छात्र-छात्राओं ने राज्य की गौरवशाली परंपरा को नजदीक से जाना। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ भारती जगताप, संतोषी अग्रवाल, बबीता साहू, दिव्या नाहटा, रीना साहू, निधि साहू, रागिनी चौहान, ओलिविया नेताम, अमरजीत बेदी, डीपी सिन्हा, टीएल ध्रुव, अशोक सिन्हा, हरीश सिन्हा, देवेन्द्र सिन्हा, कमलेश तिवारी, हीरालाल सुरेन्द्र, गिरीश गजपाल मौजूद थे।

## सुआ नृत्य की टीम धमतरी पहुंची



दीपावली त्योहार नजदीक आते ही सुआ नृत्य करने वाली महिलाओं की टीम शहर में आकर पारंपरिक गानों में सुआ नृत्य करती है और लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देती हैं। इसके बदले में लोग उन्हें अनाज या पैसा देकर विदा करते हैं। रविवार को ग्राम बोरसी (पाहंदा) की महिलाएं गोदावरी बाई, नीरा बाई, पुन्नी बाई, सुमित्रा, सोहद्री शहर की कृदत्त कालोनी पहुंची और आकर्षक सुआ नृत्य कर दीपावली पर्व की खुशियों को साझा किया। उनका कहना है कि वे त्योहार के एक सप्ताह पूर्व शहर आकर विभिन्न मोहल्लों में सुआ नृत्य करती हैं। यह गांव का आयोजन है, जिसे हम आगे बढ़ा रहे हैं।

# गली-मोहल्लों में रोजाना बच्चियों की टोली सुआ नृत्य के लिए निकल रही





■ शिव-पार्वती, राम-सीता सहित अन्य देवी-देवताओं के भक्ति गीत गा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद नगर सहित क्षेत्र में दीपावली के पहले सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुबह से घरों में सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं की टोली दस्तक दे रही है। रोजाना गली मोहल्लों में छोटी छोटी बच्चियों की टोली सुआ नृत्य के लिए निकल रही है। जिससे इस पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है।

बता दें कि दीपावली नजदीक आते ही गांवों में ता नारी ना मोर सुआ वो... के गीत गूंजने लगते हैं। केवल महिलाएं ही नहीं छोटी- छोटी बालिकाएं भी साड़ी पहनकर गांवों के घरों में सुआ नाचने निकल पड़ती हैं। ऐसा ही नजारा हफ्तेभर से कुरुद नगर के साथ ही आसपास के अंचल में देखने को मिल रहा है। छोटे बच्चियों की टोली साड़ी पहनकर घरों और दुकानों के सामने सुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देते नजर आ रही है। शिव-पार्वती, राम-सीता सहित अन्य देवी देवताओं के भक्ति गीत गा रही है जिसका सभी लुत्फ उठा रहे हैं। बच्चियां गीत के माध्यम से गांव के देवी देवताओं को याद कर खुशहाली की कामना कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि सुआ गीत और नृत्य छत्तीसगढ़ का सबसे लोकप्रिय नृत्य है। छत्तीसगढ़ी ग्रामीण जीवन की सुंदरता बरबस इस नृत्य से छलक पड़ती है। छत्तीसगढ़ की महिलाएं व बच्चियां यह नृत्य बड़े ही उत्साह व उल्लास से फसल कटने के बाद से प्रारंभ करती हैं। हालांकि जिले में हफ्ते भर पहले से सुआ नर्तक दल नृत्य और मनमोहक गीत से आशीष देने पहुंचने लगे हैं।

## सहाड़ादेव परिसर को संवारने जुटा यादव समाज

**धमतरी।** सोरिद वार्ड में यादव बन्धुओं की दीपावली त्योहार की तैयारी शुरू हो गई है। अलसुबह सामाजिकजन सहाड़ा देव परिसर को संवारने प्रतिदिन श्रमदान कर रहे हैं। इस साल भी सोरिद वार्ड में यादव समाज द्वारा दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

# स्पर्श ग्रुप ने कपड़ों का किया निःशुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अर्जुनी चौक में स्पर्श ग्रुप परिवार द्वारा नेकी की कुटिया में प्राप्त कपड़ों के वितरण का निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। कपड़ों को प्राप्त करके सभी के चेहरे में प्रसन्नता का भाव दिखा। शिविर में 5000 कपड़ों का वितरण किया गया। अगला शिविर 29 अक्टूबर मंगलवार को सिहावा रोड स्थित नेकी की कुटिया में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक लगेगा। शिविर में स्पर्श ग्रुप के सदस्य डॉ. अभिषेक गोयल, दीपमाला साहू, मेनका नेताम, डॉ. राकेश साहू, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, सुषमा नंदा, सुनील साहू उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
4 रात व 5 दिन Ex दिल्ली
02 नवंबर से 06 नवंबर 2024, 30 नवंबर से 04 दिसंबर 2024
04 जनवरी से 08 जनवरी 2025, 04 फरवरी से 08 फरवरी 2025
12 मार्च से 16 मार्च 2025, 08 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा Since-2007
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

